हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर, लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–132 : जौनपुर, शनिवार 21 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जी–20 समिट : मोदी का नेतृत्व ही दुनिया को संकट से उबार सकता है –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के चार शहरों में फरवरी माह से आयोजित होने जा रहे जी–20 सम्मेलन को लेकर व्यापक जनजागरूकता का प्रसार करने के लिए शनिवार को 'रन फॉर जी–20 वॉकाथन' का आयोजन किया गया। इस दौरान राजधानी लखनऊ सहित आगरा, वाराणसी और गौतम बुद्धनगर में वॉकाथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह 9 बजे अपने पांच कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास से फ्लैग ऑफ करके एक साथ चारों शहरों में वॉकाथन का शुभारंभ किया। फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को जी–20 सम्मेलन के आतिथ्य का सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस सम्मेलन के जरिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की छवि, यहां की संस्कृति, खानपान और डिजिटल यूपी को प्रदर्शित करने का अवसर हमें मिला है। प्रदेश में शुरू हुई जी–20 के लिए कार्यक्रमों की व्यापक शृंखला मुख्यमंत्री ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य और एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के संकल्प के साथ इस वर्ष भारत में जी–20 सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। उत्तर प्रदेश में जी–20 सम्मेलन के अलग–अलग दिवसों पर कुल 11 बैठकों का आयोजन होगा। जी–20 सम्मेलनों के उपलक्ष्य में आज से प्रदेश में व्यापक तौर पर कार्यक्रमों की शृंखला शुरू हो रही है। आज वॉकाथन और मिनी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित चार शहरों में जी–20 की कुल 11 मीटिंग्स होनी है, उनके प्रति आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यह आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है। हमें भारत की सनातन सोच को उजागर करने का अवसर मिला है मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस अवसर पर लखनऊ, वाराणसी, आगरा और गौतम बुद्धनगर के जिलों में इसमें भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों, जन प्रतिनिधियों और प्रशासन के लोगों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। देश आजादी का अमृत महोत्सव उत्साह मना रहा है। इसके साथ ही अनेक उपलब्धियां हमें प्राप्त होती दिख रही हैं। दुनिया इस बात को मान रही है कि वैश्विक संकट के इस दौर में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में एक मात्र ऐसा यशस्वी नेतृत्व हैं, जो दुनिया को संकट से उभार सकते हैं। ये मेरा है और ये तेरा है की भावना कभी भारत की नहीं रही। भारतीय मनीषियों ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम के जरिए पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानने की बात कही है। यही भारत की सनातन सोच रही है। उस सोच को उजागर करने का अवसर आज भारत के पास आया है। आज भारत को जी–20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। जी–20 दुनिया के वे बीस बड़े देश हैं, जहां विश्व की 60 फीसदी आबादी निवास करती है। 75 प्रतिशत ट्रेड पर उनका अधिकार है। साथ ही 85 प्रतिशत जीडीपी, इनोवेशन, रिसर्च और पेटेंट पर अधिकार है। आज हमारे लिए ये गर्व का विषय है कि इस जी–20 का नेतृत्व भारत




को और इसके आतिथ्य का अवसर यूपी को प्राप्त हुआ है। मानवता पर जब भी खतरा आएगा, भारत होगा उम्मीद की किरण मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत की ओर उत्साह और उमंग के साथ देख रही है। वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर की भावना को ध्यान में रखते हुए भारतीय मनीषियों की सोच को चरितार्थ करने का अवसर यूपी के पास आया है। दुनिया के बीस बड़े देशों के प्रतिनिधि और 9 मित्र देशों के प्रतिनिधि भी इस आयोजन के साथ जुड़ेंगे। यह हमारे लिए आनंद का विषय होगा कि आतिथ्य सेवा के साथ–साथ देश ने विकास की जिन नई ऊंचाइयों को छुआ है, उन्हें प्रदर्शित करने का अवसर हमें प्राप्त हो रहा है। लखनऊ में 13 से 15 फरवरी के बीच आयोजन होना है। यूपी ने तकनीकी के क्षेत्र में जिस प्रकार की सक्षमता को प्राप्त किया है, उसे प्रदर्शित करने का अवसर हमें प्राप्त होगा। हमें अतिथि देवो भवः का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने की आवश्यक्ता है। पूरी दुनिया के अंदर एक संदेश देने की आवश्यक्ता है कि दुनिया जब भी संकट में होगी, मानवता के ऊपर कोई खतरा आएगा, उस वक्त आशा भरी निगाहें कहीं दिखाई देगी तो भारत की धरती से दिखाई देगी। भारत उस काल में दुनिया को नेतृत्व देगा और संकट से उभारकर नई राह दिखाने का कार्य करेगा। हर जनपद करे अपनी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित मुख्यमंत्री ने बताया कि फरवरी माह उत्तर प्रदेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। यूपी 10 से 12 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन की तैयारी रहा है। पूरी दुनिया और देशभर से हर बड़ा निवेशक और उद्यमी यहां आकर प्रदेश की समृद्धि और सामर्थ्य के साथ अपने को जोड़ने का प्रयास करेगा। 10 हजार से ज्यादा उद्यमी यहां आने वाले हैं। इसके बाद 13 से 15 फरवरी के बीच जी–20 के प्रतिनिधिगण, अलग–अलग सेक्टर से आएंगे उनके स्वागत का अवसर लखनऊ को प्राप्त होगा। यूपी 24 जनवरी को अपने स्थापना दिवस का आयोजन करेगा। हर जनपद को इन कार्यक्रमों के साथ जुड़ना चाहिए। अपनी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जिन्होंने कुछ भी नया किया है, उन्हें आगे बढ़ने के लिए मंच देना चाहिए। स्थापना दिवस से लेकर 15 फरवरी तक निरंतर कार्यक्रमों की शृंखला शुरू होगी। जी–20 सम्मेलन के सभी आयोजन लगातार अगस्त तक होते रहेंगे। जी–20 बहुद्देश्यीय क्रीड़ा हाल का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने इस दौरान 519 लाख की लागत से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जी–20 बहुद्देश्यीय क्रीड़ा हाल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जी–20 के लोगो युक्त झंडे को मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने झंडा दिखाकर और गुब्बारे उड़ाकर वॉकाथन को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के लिए रवाना किया। वॉकाथन में युवा खिलाड़ी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के वालंटियर्स, सिविल डिफेंस, बेसिक शिक्षा परिषद् के खेल शिक्षक, नेहरू युवा केंद्र और प्रांतीय रक्षा दल के जवान, एनडीआरएफ और पीएसी बैंड के सदस्य शामिल रहे।

## यूपीसीए सचिव का जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने किया स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा "माधौ सदन" सिविल लाइन स्थित संजय श्रीवास्तव के आवास पर एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविन्द कुमार श्रीवास्तव को बनने पर अभिनन्दन किया गया। संजय राठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कहा गया कि अरविन्द उन्नाव के क्रिकेट खिलाड़ियों को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। धन्वन्तरि देव गुप्त ने शाल ओढ़ाकर अरविन्द कुमार का अभिनन्दन व स्वागत किया। स्वागत करने वालों में राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, ए0आर0 खान, पी0के0 मिश्र, संजय राठी, संजीव कुमार, डा0 मनीसा सेंगर, डा0 एस0पी0 सिंह, गिरीश मिश्र, राजेश कुमार, शैलेन्द्र दीक्षित, मंसूर खान, नवीन सिंहा, विनय श्रीवास्तव, मुकेश, प्रदीप, अभय निगम, संजय श्रीवास्तव, विकास सिंह, डा0 बी0 के0 सिंह, अबरार, शंकर, ओम मिश्रा, अभिनव, सत्यम पाण्उेय, राजेन्द्र नाथ आदि गणमान्य नागरिक व क्रिकेट जगत के लोग रहे। अरविन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा



प्रयास रहेगा कि प्रदेश में क्रिकेट को सबके सहयोग से और अधिक ऊँचाइयों पर ले जायें। आगे कहा कि उन्नाव के राहुल त्रिपाठी आज इंडिया क्रिकेट टीम में खेल रहे है। यह उन्नाव के क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रेरित करने वाली बात है। भले वर्तमान में वे महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्नाव जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को उच्च स्तर की कोचिंग जिला क्रिकेट उसोसिएशन उन्नाव के सहयोग से उपलबध कराने का भी मेरा प्रयास रहेगा ताकि हमारे उन्नाव के क्रिकेट खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से प्रदेश व देश का प्रतिनिधित्व करें।

## विकास राष्ट्रवाद और माफिया पर वार बनेगा भाजपा का हथियार : नड्डा ने तय किया 2024 का एजेंडा

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय कर दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माफिया मुख्तार अंसारी के गढ़ गाजीपुर से 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। लगभग एक साल पहले चुनाव अभियान का शुभारंभ करते हुए नड्डा ने संदेश दिया कि भाजपा तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने के लिए माफिया पर वार, विकास की रफ्तार और राष्ट्रवाद को धार देने के एजेंडे पर चलेगी। नड्डा अपने दूसरे कार्यकाल में सबसे पहले वाराणसी पहुंचे। वहां बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ माफिया मुख्तार अंसारी के गढ़ माने जाने वाले गाजीपुर पहुंचे। लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि तैयार करते हुए उन्होंने कहा कि यदि चुनाव में ईवीएम का गलत बटन दब जाए तो माफिया राज आ जाता है और सही बटन दब जाए तो गुंडाराज खत्म हो जाता है। अपराधियों के हौसले पस्त हो जाते हैं। बताते चलें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जनवरी को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी पदाधिकारियों से चार सौ दिन सक्रिय रहकर जनता का विश्वास जीतने का आह्वान किया था। हारी सीटों पर सबसे पहले जोर भाजपा ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण में विपक्ष के कब्जे वाली 14 सीटों सहित 2019 के लोकसभा चुनावों के परिणाम के लिहाज से कमजोर सीटों पर स्थिति मजबूत बनाने की योजना बनाई है। पूर्वांचल के कई इलाके ऐसे हैं जहां विपक्ष कमोवेश मजबूत है। गाजीपुर से चुनावी अभियान का शंखनाद कर नड्डा ने यह जताने की कोशिश की है कि भाजपा के लिए पूर्वांचल की कितनी अहमियत है। अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, योगी सरकार में माफिया राज खत्म हुआ है और कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने यह भी बताया, भाजपा सरकार में योगी के बुलडोजर ने जमीन को माफिया के कब्जे से मुक्त कराया है और अवैध संपत्तियों को जमींदोज किया है। डबल इंजन सरकार की ताकत भी बताई



नड्डा ने संदेश दिया कि भाजपा ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को सक्रिय, गरीबों को समर्पित, संवेदनशील एवं जवाबदेह सरकार दी है। नड्डा ने डबल इंजन की सरकार का महत्व बताते हुए केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में गांवों से लेकर शहरों, जल, थल और आकाश के लिए चल रही परियोजनाओं को लगातार जारी रखने के लिए 2024 में फिर प्रदेश में 2014 से बड़े रिकॉर्ड बनाने की जमीन तैयार की। चुनाव अभियान की शुरूआत के लिए इसलिए हुआ गाजीपुर का चयन योगी ने भी राष्ट्रवाद को धार देते हुए अपने परंपरागत वोट बैंक को साधा। कहा कि, जाति, मत, मजहब की राजनीति किसी का कल्याण नहीं कर सकती है। प्रदेश की जनता ने जाति और मजहब से ऊपर उठकर भाजपा को सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने चुनाव अभियान के लिए गाजीपुर को चुनने के रहस्य भी खोल दिया। उन्होंने रामचरित मानस के एक आख्यान का उल्लेख करते हुए कहा, गाजीपुर की पहचान महाराज गाधि से रही है। उन्होंने मानस की चौपाई 'गाधितनय मन चिंता ब्यापी, हरि बिनु मरहिं न निसिचर पापी।' का उल्लेख करते हुए कहा, ये माफिया, ये अपराधी बिना प्रभु की कृपा से नहीं मरेंगे। सीएम ने कहा कि ये बात अगर किसी ऋषि के मन में सबसे पहली बार आयी तो वे इसी धरा से जुड़े विश्वामित्र थे। योगी ने गाजीपुर की धरती को महाराज गाधि, महर्षि विश्वामित्र, ऋषियों और संतों की भूमि बताते हुए साफ किया कि माफिया पर किस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए, गाजीपुर उसका जीता जागता उदाहरण बना है।

## जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि शत–प्रतिशत विधवा पेंशन के लाभार्थियों का आधार कार्ड 24 जनवरी 2023 तक हर हालत में जिला प्रोबेशन कार्यालय में उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उन्हाने 'यह भी कहा कि जिन लाभार्थियों की आधार सीडिंग 26 जनवरी 2023 तक नहीं की जाएगी उनका पेंशन ऑटो कट हो जाएगा,' और उन्हें पुनः फॉर्म भरना पड़ेगा। उन्हाने खंड विकास अधिकारियों को निदेश दिया कि अपने–अपने विकास खंडों में विधवा पेंशन के लाभार्थियों का आधार कार्ड फिड कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि आधार कार्ड फिड ना होने के कारण किसी भी लाभार्थी की पेंशन कटती है, तो संबंधित ग्राम पंचायत सचिव का उत्तरदायित्व तय करते हुए उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करने के भी निर्देश दिये । उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी विकास खंडों में ऐसी ग्राम पंचायते जहां पर मनरेगा में अत्यधिक मात्रा में धनराशि का व्यय किया गया है, जनपद स्तरीय टीम बनाकर ऐसी ग्राम पंचायतों द्वारा कराए गए कार्यों की जांच कराना सुनिश्चित करेंगे। कायाकल्प योजना के अंतर्गत सभी खंड विकास अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में धनराशि उपलब्ध हो उन ग्राम पंचायतों में कायाकल्प के 19 पैरामीटर पर कार्य 26 जनवरी तक करा लिया जाए और जहां पर धनराशि उपलब्ध हो वहां पर मनरेगा के द्वारा कार्य कराया जाए। परियोजना अधिकारी डीआरडीए जयकेश त्रिपाठी को निर्देशित किया गया कि जिन लाभार्थियों का खाता वेरीफाइड हो गया है उनको प्रथम किस्त की धनराशि निर्गत कराने के लिए सभी विकास खंडों के खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से एफटीओ बनवाकर 23 जनवरी 2023 तक शत प्रतिशत प्रथम किस्त निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे इसके साथ ही



मुख्यमंत्री आवास योजना में जिन लाभार्थियों की द्वितीय किस्त अवशेष है उन्हें द्वितीय किस्त तथा जिनकी तृतीय किस्त अवशेष है उन्हे तृतीय किस्त तथा जिन्हें तृतीय किस्त दे दी गई है उनकी पूर्णता कराना सुनिश्चित करेंगे। परियोजना अधिकारी डीआरडीए को यह भी निर्देशित किया गया कि ऐसे पात्र लाभार्थी जिनका रजिस्ट्रेशन करने पर जॉब कार्ड एक्जिस्ट बता रहा है उनकी सूचना तैयार कर शासन में प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। सभी छोटे विकास खंडों में कम से कम एक अस्थाई गोवा आश्रय केंद्र तथा बड़े विकास खंडों में कम से कम 02 अस्थाई केंद्र एक माह के अंतर्गत तैयार करने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए गए हैं। अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है वहां पर नियमित समीक्षा की जाए तथा न्याय पंचायत स्तर पर लगाए गए नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन कम से कम 01 ग्राम पंचायत का भ्रमण कर रिपोर्ट जिला विकास अधिकारी को उपलब्ध में सूचित करेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि के सभी सामुदायिक शौचालय का सत्यापन कराकर उन्हें संचालित होना सुनिश्चित करेंगे। बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि रोस्टर के अनुसार जिन विभाग की मीटिंग कराई जा रही है उस विभाग के कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा मीटिंग के 01 दिन के बाद दिए गए निर्देश की कार्यवृत्त तैयार कर अनुमोदन के उपरांत जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह ., जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर. डी. यादव सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पूरे प्रदेश से घनघनाया प्रयोग परामर्श हेल्पलाईन का नम्बर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जे डी लखनऊ कार्यालय में मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल डॉ0 दिनेश कुमार के निर्देशन में स्थापित प्रयोग परामर्श हेल्पलाईन में पूरे प्रदेश के विभिन्न




जनपदों से इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग के छात्र छात्राओं के लगभग 88 कॉल अटेंड किये गए, डॉ0 दिनेश ने बताया कि हेल्पलाईन का शुभारंभ जे डी लखनऊ सुरेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। ज्यादातर छात्र छात्राओं ने प्रैक्टिकल परीक्षा में अच्छे नम्बर कैसे लाएं ये लगभग तीनों विषयों के प्रैक्टिकल में पूछे गए। डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि लगातार फोन कॉल आते रहे,हेल्पलाइन में भौतिक विज्ञान के लिए डॉ अरविन्द वर्मा यथा जीव विज्ञान के लिए डॉ रेशमा सिंह ने तथा रसायन विज्ञान विज्ञान के विशेषज्ञ के रूप में मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने स्वयं जिम्मेदारी संभाली।

## एक मोहल्ला एक होलिका का किया आह्वान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मानवाधिकार जनसेवा परिषद द्वारा पंचायत भवन, लौलाई में आयोजित कार्यक्रम में मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने लोगों से आह्वान किया कि आपसी सौहार्द बनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा पुरानी परम्पराओं को पुनर्जीवित करने के लिए एक मोहल्ला एक होलिका का संकल्प लेने का अनुरोध



किया। आज लोगों की व्यस्तता के कारण आपसी मेलमिलाप बहुत कम हो गया है तथा अपने आसपास रहने वाले लोगों से ही अनभिज्ञ रहते हैं। इस अवसर पर रूप कुमार शर्मा ने कहा कि होलिका में गोबर के कण्डों का उपयोग किया जाना चाहिए जिससे गौ पालकों की आय में वृद्धि होगी। ''एक मोहल्ला एक होलिका'' अभियान के सफल होने से लोगों को एक दूसरे से मिलने का अवसर भी मिलेगा। इस अवसर पर खरगापुर के प्रधान किरण प्रकाश विश्वकर्मा तथा लौलाई के प्रधान उमेश यादव सहित उपस्थित लोगों ने इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तहरी भोज भी आयोजित किया गया। मानवाधिकार जनसेवा परिषद द्वारा इण्डियन प्रेरणा महिला ग्राम संगठन की महिलाओं के साथ आयोजित तहरी भोज में चिनहट ग्रामीण भाजपा के मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह सूरज ने उपस्थित होकर उत्साहवर्धन किया। महिलाओं तथा बेरोजगारों को अपनी आय बढ़ाने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, खरगापुर के प्रधान किरण प्रकाश विश्वकर्मा, लौलाई के प्रधान उमेश यादव, इण्डियन प्रेरणा महिला ग्राम संगठन की समूह सखी विभा विनोद के साथ राजेश यादव, गौरी कान्त दीक्षित, रंजीत राय, के. के. सिंह, जितेन्द्र सिंह नेगी, तारा चंद, अविरल, लवलेश, आशा सिंह, नीलम मिश्रा, शालिनी श्रीवास्तव, रेनू तिवारी, शिव देवी, रेनू श्रीवास्तव, कार्तिका माथुर, शालिनी सिंह, नीतू, सरिता त्रिपाठी, संगीता मिश्रा, कुसुम वर्मा, सरला शर्मा, बीना वर्मा, सुमन लता, रवि प्रताप, कुसुम सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में गरीबों को एकत्रित किए गए कपड़े भी वितरित किए गए।



–सुविचार–

जिसनें प्रभु को अपना दिल दे दिया वह दुनिया से कभी उम्मीद नहीं करता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# जिनपिंग की नेतृत्व क्षमता पर सवाल, बिगड़ी छवि

बीजिंग में शी जिनपिंग की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए जाने लगे हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी उनके द्वारा कोविड प्रतिबंधों को अचानक हटाए जाने को सकारात्मक रंग देने के लिए संघर्ष कर रही है। यह यू–टर्न शी जिनपिंग की अन्य प्रमुख नीतियों को छोड़ने और उनके अत्यधिक वफादार एवं आक्रामक 'वुल्फ वारियर' राजनयिकों में से एक को हटाए जाने के बाद लिया गया है। कुछ हफ्ते पहले तक जिनपिंग लगभग अजेय नजर आ रहे थे और लग रहा था कि उन्होंने सारे विरोधियों को धूल चटाकर पार्टी प्रमुख के रूप में तीसरा अभूतपूर्व कार्यकाल सुरक्षित कर लिया है। सरकारी प्रोपेगेंडा मशीन शी जिनपिंग की शून्य कोविड नीति को खत्म किए जाने को सोची–समझी रणनीति का हिस्सा बता रही है। सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना को निशाना बनाया जा रहा है। वीबो नामक सोशल मीडिया प्लेटफार्म का कहना है कि उसने एक हजार से ज्यादा एकाउंट डिलीट किए हैं, हालांकि असली आंकड़े ज्यादा भी हो सकते है।

चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बीते वर्ष सात दिसंबर और इस वर्ष 12 जनवरी के बीच करीब 60,000 लोगों की मौत का आंकड़ा जारी कर पारदर्शिता के अभाव की बढ़ती आलोचना का जवाब देने की कोशिश की है। गौरतलब है कि कोविड नियंत्रण विगत सात दिसंबर को हटाए गए थे। उनका कहना है कि इन 60,000 में से 5,503 की मौत कोविड संक्रमण की वजह से श्वसन तंत्र की विफलता के कारण हुई, जबकि 54,435 लोग कोविड संक्रमण के साथ अन्य बीमारियों के मिल जाने के कारण मरे। अधिकांश मृतकों की उम्र 65 वर्ष से ज्यादा थी। चीनी मीडिया का दावा है कि वायरस अपने चरम पर था, लेकिन स्वतंत्र आकलन कहता है कि आने वाले हफ्तों में चीन के नए साल के आगमन में, जब लोग बड़ी संख्या में यात्राएं करते हैं, इसके फैलाव के गति पकड़ लेने के कारण 17 लाख लोग अपनी जान से हाथ धो सकते हैं। इस रविवार यानी कल, 22 जनवरी से 'द ईयर ऑफ द रैबिट' शुरू हो रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस अवकाश काल में दो करोड़ से भी अधिक यात्राएं होंगी। आवाजाही की गतिविधियों पर नियंत्रण खत्म होने से चीन में यात्रा सुविधाओं की मांग के दरवाजे पूरी तरह से खुल गए हैं और स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि कोविड का फैलाव खास तौर से ग्रामीण इलाकों में नाटकीय रूप से बढ़ सकता है, जहां चिकित्सा सुविधाएं अपर्याप्त हैं और योग्य डॉक्टरों और नर्सों की तैनाती काफी कम है।

चीन की पश्चिम पर श्रेष्ठता के प्रमाणस्वरूप शून्य कोविड नीति की वकालत ही शी की एकमात्र नीति नहीं है, जिसे खारिज किया जा रहा है। तकनीकी कंपनियों पर जोर–शोर से हमला भी बंद कर दिया गया है और धमकियों की जगह सांत्वनाएं दी जा रही हैं। घरेलू व्यापार और विदेशी निवेश को बांधने वाली राज्य पर नियंत्रण की संहिता यानी शी की 'सामान्य समृद्धि' की बातें भी बंद हो चुकी हैं। पिछले हफ्ते देश की समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्रधानमंत्री ली केकियांग ने 'बाजार की ताकतों को मुश्किलों से उबरने और बाजारों की जैविकता बढ़ाने और सार्वजनिक सृजनात्मकता को बढ़ाने के लिए सुधार हेतु नीतियों को लागू करने के प्रयासों को रेखांकित किया।' इस तरह की बाजार समर्थक भाषा शी के चीन में दुर्लभ हो चुकी है।

संपत्ति व्यापार करने वाली कंपनियों से भी प्रतिबंध हटाए जा रहे हैं। देश के विशाल संपत्ति बुलबुले को फिर से फुलाने के प्रयासों के तहत डेवलपरों को पैसा भी दिया जा रहा है। अनुमानात्मक निवेश से बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं और संपत्ति को एक विशाल पोंजी स्कीम में बदला जा रहा है। इसे एक बार फिर प्रोत्साहित किया जा रहा है। शी के प्रमुख मंत्र–मकान रहने के लिए हैं, न कि सट्टा लगाने के लिए– को ताक पर रख दिया गया है। शून्य कोविड नीति से हुए नुकसान के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए यह सब एक रणनीतिक प्रयास हो सकता है, लेकिन चीन पर नजर रखने वालों के लिए यह चर्चा का सबब बन गया है। चीनी विश्लेषक दिमौन ल्यू कहते हैं कि 'वे टूट–फूट गए हैं। उनका पद तो उनके पास है, लेकिन अधिकार और प्रतिष्ठा अब नहीं है।' जे. कैपिटल रिसर्च की सह संस्थापक और 25 साल से अधिक समय तक चीन में रह चुकी ऐन स्टीवेंसन यांग का मानना है कि शी के खिलाफ एक अंदरूनी विद्रोह है और उन्हें चुपचाप किनारे किया जा रहा है। उनकी सभी प्रमुख नीतियों को 180 डिग्री पीछे कर दिया गया है।

पिछले सप्ताह चीन की आक्रामक 'वुल्फ वारियर डिप्लोमेसी' के सार्वजनिक चेहरे झाओ लिजियान को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता पद से हटाकर सीमा विवादों को देखने का काम सौंप दिया गया। उन्होंने अपने पद का उपयोग विदेशी डर की धारा बहाने और षड्यंत्र की फर्जी कहानियां चलाते हुए पश्चिमी सोशल मीडिया को प्रभावित करने के लिए किया था। कोविड नियंत्रणों से आजाद होकर नए साल में घर लौट रहे चीनी लोग उत्सव के दौरान प्रतिबंधों को झेलने के मूड में बिल्कुल नहीं हैं। पटाखों पर कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिबंध को जनसामान्य की अवज्ञा का सामना करना पड़ रहा है। कहीं–कहीं जनता की पुलिस से झड़पें भी हो रही हैं। हेन्नान प्रांत के वीडियो में प्रतिबंधा लागू कर रहे पुलिसकर्मियों की कार पर प्रदर्शनकारी हमला करते दिखाई दे रहे हैं।

जीरो कोविड प्रतिबंधों को लागू करने वाले उत्साही कर्मचारियों को आनन–फानन में हटा लिए जाने से भी कई विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा मिला है। दक्षिण पश्चिमी शहर चोंगकिंग के टेस्ट किट बनाने वाले कारखाने के कर्मचारियों की पुलिस से तब झड़प हो गई, जब वे अपनी मजदूरी के भुगतान और एकाएक काम बंद करने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो में गुस्साए कर्मचारी मशीनों को तोड़ते और उपकरणों को फेंकते नजर आ रहे हैं। बहरहाल, एक कमजोर शी जिनपिंग अपने नेतृत्व के खिलाफ विरोधों का सामना कर रहे हैं। देखना यह है कि वह अपने ही देश में इस चुनौती का सामना किस तरह करते हैं। बाहरी दुनिया में तो उनके क्रियाकलापों और तौर–तरीकों के खिलाफ अच्छा–खासा विरोधपूर्ण रवैया है ही। आगे आगे देखिए होता है क्या...।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## वेलफेयर समिति सफाई कर्मियों की भलाई के लिए वचनबद्ध –अम्बरीष कुमार सक्सेना

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रमुख सचिव उ. प्र. शासन नगर अनुभाग 4 लखनऊ के निर्देश पर नगर पालिका परिषद, शाहाबाद द्वारा सफाई कर्मचारियों के कल्यार्थ वेलफेयर समिति का गठन किया गया। जिसमें समाजिक कार्यकर्ता अम्बरीष कुमार सक्सेना, नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश, ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष राजेन्द्र बाल्मिकी एवं ट्रेड यूनियन के महामंत्री कन्हैया लाल बाल्मिकी को वेलफेयर समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। सफाई कर्मचारियों के कल्याणार्थ वेलफेयर समिति के मनोनीत सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि वेलफेयर समिति सफाई कर्मचारियों की भलाई के लिए वचनबद्ध है।उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सभी मुश्किलें पहल के आधार पर हल करना यकीनी बनाया जा रहा है।इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश नगर पालिका परिषद में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों की भलाई है और उनका शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सफाई कर्मियों को बधाई देते कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण सफाई कर्मियों की सभी मांगें मानने पर मुहर लग गई है।कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।



उन्होंने सफाई सेवकों को मेडिकल, वर्दी और अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मास्क व सेफ्टी किट के बिना सीवरेज की सफाई न की जाए। सफाई सेवक सफाई का ही काम करेंगे और उनसे कोई अतिरिक्त काम न लिया जाए। स्वच्छकारों का पुनर्वास अधिनियम को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि करूणामूलक आधार पर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए। नगर निकायों में सेप्टिक टैंकों की सफाई एवं डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण के लिए सकिंग तथा जैटिंग मशीनों को उपलब्ध करवाया जाए।

## वाकाथन में एनसीसी की 53 कैडेट्स ने मेजर (डॉ) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में किया प्रतिभाग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शासन की ओर से आयोजित जी–20 के आयोजन के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु आयोजित वाकाथन में नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी की 53 कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। इस वाकाथन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री आवास से झंडी दिखाकर रवाना किया। जो गोल्फ चौराहा से, सिविल अस्पताल के सामने होती हुई हजरतगंज अटल चौराहा से केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर समाप्त हुई। जहां पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इस आयोजन में मेयर संयुक्ता भाटिया, मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब, नगर आयुक्त सरदार इंद्रजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी



एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के लिए प्रेरित किया।

### अज्ञात कारणों से झोपड़ी में लगी आग : पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : पाली हरदोई नगर के पेट्रोल पंप के पीछे शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में आग लग जाने से आठ घर आग की चपेट में आ गये। घरों में रखा खाने– पीने का सामान व बकरी आदि चीजें जलकर राख हो गई। वहीं आग पर आस–पड़ोस के लोगों के काफी प्रयास से आग पर काबू पाया गया। वहीं प्रशासन को सूचना मिली तो प्रशासन के भी लोग रात को ही मौके पर पहुंचे। जब तक आग पर काबू पा लिया गया था। वही जब नगर की समाज सेविका शमा परवीन शांह को जानकारी मिली कि गरीब लोगों के घरों में अचानक आग लग गई। उनके घरों पर खाने का सामान व कपड़े जलकर राख हो गये।घर के लोग भूख से परेशान हैं तो उन्होंने शनिवार सुबह को आनन–फानन में बाजार से खाने वाली सामग्री व कपड़े आदि चीजें मंगवा कर अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंचकर आग से पीड़ित अख्तर अली, सलीम अली, हसन, जुबेर, मासीना आदि लोगों को जरूरी सामान उपहार स्वरूप भेंट



किया साथ ही उन्होंने कहा कि आग से पीड़ित लोगों को किसी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें फोन से सूचना दें उस समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी ।उन्होंने नगर के समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे मौकों पर पीड़ित परिवारों का सहयोग करें, इनका सहयोग करने से यही सच्ची मानव सेवा होती है। इस मौके पर अनस, जुबेर, अफसाना सिद्दीकी, साहिल खान, आदि लोग मौजूद रहे।

## युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : पाली हरदोई एक युवक ने नकाशे वाली बगिया के सामने एक पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। राहगीरों ने युवक को सुबह लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को उतार कर उसकी पहचान कराई। मृतक की पहचान नत्थू पुत्र अरुण राजपूत (28) लौकहा का रहने वाला बताया गया पुलिस ने घरवालों को सूचना दी। घर के लोग सूचना पाते ही घटनास्थल पर पहुंचे और शब को देख कर रोने चिल्लाने लगे। मृतक की शादी हो चुकी है उसके दो बेटी एक बेटा है। पुलिस



ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय का कहना है कि प्रत्येक बिंदु से इस घटना की जांच की जायेगी।

### कृति पब्लिक स्कूल में अग्नि शमन विभाग द्वारा किया गया डेमो

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अग्नि शमन विभाग रामस्नेहीघाट के प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्रा और उनकी टीम ने आग बुझाने के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर के बच्चों शिक्षकों कर्मचारियों वाहन ड्राइवरों और सभी स्टाफ को परिसर में आयोजित एक विशेष सभा में जानकारी दी। सभी उपस्थित लोगों ने घरेलू गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के उपाय सीखें।ए बी सी फायर एक्सटिंग्विशर अथवा गीले कम्बल या सूती बोरे से सर्वप्रथम प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली फिर शिक्षक, कर्मचारी और सभी आयुवर्ग के लोगों ने स्वयं आग बुझाई और एबीसी सिलेंडर का प्रयोग



सीखा।उसके बाद बड़ी आग बुझाने के लिए बच्चों ने अग्नि शमन गाड़ी के होस पाईप द्वारा पानी की तेज धारा से आग बुझाई। प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली ने अग्नि शमन विभाग रामस्नेहीघाट के प्रभारी पी के मिश्रा और उनके यूनिट के सदस्य नरेश नरेन्द्र आशीष और मोहित का धन्यवाद किया । उन्होंने अपने सम्बोधन में सभी से आग से सावधानी बरतने कहा और अपने परिवारजनों को भी जागरूक करने का अनुरोध किया। विद्यालय की डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने इस प्रशिक्षण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## सीएम आवास पर तैनात पीएसी जवान की गोली लगने से मौत : गाड़ी में खून से लथपथ मिला सिपाही

लखनऊ ब्यूरो : रमाबाई स्थल में बने पीएसी कैंप में शुक्रवार शाम सिपाही विपिन कुमार (25) की गोली लगने से मौत हो गई। जिस वाहन से वह ड्यूटी से कैंप लौटा था उसी में उसका खून से सना शव मिला। सूचना पर पहुंची आशियाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और उसके परिजनों को जानकारी दी। विपिन वर्तमान में मुख्यमंत्री आवास पर तैनात था। मूलरूप से अलीगढ़ के थाना खैर के अंडला स्थित तेहरा निवासी विपिन कुमार 2021 बैच का पीएसी का सिपाही था। पीएसी की 12वीं बटालियन में उसकी तैनाती थी। वह रमाबाई स्थल पर बने पीएसी कैंप में रहता था। बीते दस दिसंबर से विपिन की ड्यूटी सीएम आवास पर थी। आशियाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि शनिवार सुबह विपिन ड्यूटी पर गया था। शाम छह बजे ड्यूटी के बाद सरकारी वाहन से वह कैंप पहुंचा था। कुछ ही देर बाद गाड़ी के भीतर गोली चलने की आवाज आई। जब साथी सिपाही पहुंचे तो विपिन खून से लथपथ पड़ा मिला। साथी सिपाही व अफसर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बताया कि विपिन की कुछ समय पहले ही मौत हो चुकी है। डीसीपी पूर्वी ह्रदेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। इन पहलुओं पर जांच... हत्या, हादसा या खुदकुशी गोली इंसास राइफल से चली है। फोरेंसिक टीम ने असलहे को जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। उससे फिंगर प्रिंट लिए गए हैं। फिलहाल पुलिस हत्या, हादसा व खुदकुशी के पहलू पर जांच कर रही है। हालांकि शुरुआती जांच के बाद उच्चाधिकारी हत्या की आशंका पूरी तरह नकार रहे हैं। हादसा या खुदकुशी की आशंका अधिक जता रहे हैं। गर्दन में लगी और सिर को चीरती हुई निकली गोली गोली विपिन की गर्दन में लगी और सिर को चीरती हुई निकली। फोरेंसिक जांच में एक तथ्य लगभग स्पष्ट है कि गर्दन से राइफल सटी थी, उसी वक्त गोली चली। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह समेत अन्य तथ्य स्पष्ट होगी। अगले सप्ताह होनी थी विपिन की शादी विपिन के परिवार में उसके पिता रामऔतार, मां और दो बहने हैं। वह इकलौता लड़का था। पिता किसान हैं। विपिन की कमाई से ही घर का खर्च चलता था। पुलिस के मुताबिक, अगले सप्ताह विपिन की शादी होने वाली थी। वह 23 जनवरी से छुट्टी पर जाने वाला था। साथियों से पुलिस ने ली जानकारी जिस सरकारी वाहन से विपिन कैंप पहुंचा था उसमें चालक राजेश कुमार समेत चार लोग सवार थे। पुलिस अफसरों ने इन सभी से पूछताछ की है। गोली चलते वक्त वहां पर कौन मौजूद था। इस बारे में पता किया जा रहा है। क्योंकि विपिन गाड़ी के भीतर ही था यानी जैसे ही वह कैंप पहुंचा था वैसे ही उसको गोली लगी।

## उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में उद्योगों का होगा बड़ा योगदान – राज्यमंत्री

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आर्थिक प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे उत्तर प्रदेश को आने वाले समय में एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में राज्य में निवेश करने वाले उद्योगों का बड़ा योगदान होगा। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास राज्य मंत्री श्री जसवंत सिंह सैनी ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुये शनिवार को यह बात कही। सैनी ने कहा कि अगले महीने राज्य में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय निवेशक सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन के लिये देश विदेश में प्रचार किया गया है और बड़ी संख्या में निवेशकों की तरफ से प्रदेश के लिये निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के सिलसिले में 16 देशों के 21 शहरों में उद्योगपतियों के साथ बैठकें हुई जिसमें सात लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। वहीं देश के भीतर भी दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरू सहित कई बड़े शहरों में सम्मेलन के लिये रोड़ शो किये गये। इसमें भी कई उद्योगपतियों ने प्रदेश में निवेश के लिये बड़े पैमाने पर रूचि दिखाई है। इन प्रस्तावों को देखते हुये उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर यानि एक हजार अरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में उद्योगों का बड़ा योगदान होने जा रहा है। श्री सैनी आज यहां उद्योग मंडल एसोचौम की पर्यावरण अनुकूल अभियानःजैमः के तहत आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन बैठक को संबोधित कर रहे थे। एसोचौम जैम के इस सम्मेलन में पर्यावरण सुरक्षा पर ध्यान देते हुये विकास का पहिया आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जैम का यह पांचवां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। इसके साथ ही प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है जिसमें निर्माण क्षेत्र से जुड़े हरित समाधान और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। श्री सैनी ने उपस्थित उद्योगपतियों, वास्तुविद, भवन निर्माण से जुडे कारोबारियों को संबोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश के लिये आज एक अच्छा स्थान है। निवेशकों की सुविधा के लिये यहां एकल खिड़की सुविधा




की गई है ताकि उन्हें अलग अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। पर्यावरण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये समय समय पर कदम उठाये जाते हैं। राज्य में 30 करोड़ पौधारोपण का कार्यक्रम सफलता पूर्वक किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेत्त्व में राज्य सरकार उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान करने के लिये लगातार काम कर रही है। ''राज्य में निवेश के लिये आज अच्छा वातावरण है, अच्छी सड़कें हैं, कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है, बिजली की उपलब्धता में पहले के मुकाबले काफी सुधार हुआ है। कानून व्यवस्था बेहतर है। 13 एक्सप्रेस–वे राज्य में बन रहे हैं, 6 पूरे हो चुके हैं जबकि सात पर काम चल रहा है। पांच अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे संचालित हैं। देश का सबसे बड़ा हवाईअड्डा भी प्रदेश में बन रहा है।'' इस अवसर पर उर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद की सीनियर प्रोग्राम लीड शालू अग्रवाल ने जलवायु में हो रहे परिवर्तन को लेकर विचार रखे। उन्होंने निर्माण कार्यों में हरित डिजाइन पर ध्यान देने पर जोर दिया। इसमें उर्जा सक्षमता, उर्जा साधनों और संसाधनों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने इसे पर्यावरण निरंतरता बनाये रखने की योजना बताया। तुषार सोगानी डिजाइन प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक एवं एसोचौम जैम राजस्थान के प्रभारी तुषार सोगानी ने पर्यावरण अनुकूल आर्कीटेक्चर की मांग पर जोर दिया। उनके मुताबिक जलवायु संबंधी घटनाओं में पिछले 30 साल के दौरान तीन गुना वृद्धि हुई है और यह तेज गति से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण में हरित उपायों और पर्यावरण अनुकूल समाधानों से भवनों की नुकसान सहने की क्षमता में सुधार होगा।

## कम्पोजिट विद्यालय से सामान चोरी कर भागते वक्त चोर को ग्रामीणों ने दबोचा

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में बढ़ते चोरी के मामले को लेकर के पुलिस व आम जनता सक्रिय हो गई, सक्रिय होने के कारण जनपद में चोरी का मामले में कमी आयी है, शुक्रवार शाम 8:30 एक संदिग्ध व्यक्ति को कम्पोजिट विद्यालय की तरफ से साइकिल पर लादकर कुछ सामान लेकर जा रहा था। ग्रामीणों का निगाह उस पर पड़ गया। संदिग्ध युवक जो नशे में धूर्त से पूछा कि इस समय विद्यालय पर क्यों गया,और क्या मकसद होगा इन्हीं सन्देह को लेकरके उसे ग्रामीणों ने नहर की पुलिया पर रुकवा लिया और पूछताछ करने लगे पूछताछ के दौरान युवक बताया कि अतरौरा गांव का निवासी हूं और मैं अपने गांव के कम्पोजिट विद्यालय से गैस सिलेंडर इंडियन, चूल्हा, रेगुलेटर, पाइप,और एक बोरी में गेहूं लगभग 10 किलो लेकर अपने घर जा रहा हूं। यह सब बात सुनकर ग्रामीणों ने उसको पकड़ लिया और ग्राम प्रधान कैलाशी व प्रधान प्रतिनिधि जीशान अहमद, पूर्व प्रधान फखरे आलम और गांव वालों को सूचना देते हुए। उस युवक को घटनास्थल पर लेकर पहुंच गए, वहां देखा कि कम्पोजिट विद्यालय अतरौरा के रसोईया का दरवाजा पूर्णतया से क्षतिग्रस्त है और उसमें कोई भी सामान नहीं है। इसके बारे में उस व्यक्ति



से ग्रामीणों ने पूछा तो बताया कि मैं अपने निजी काम के लिए इसको ले जा रहा हूं हमको रोको मत यह कहते हुए भाग गया। ग्रामीण उसको भली भांति पहचान रहे थे। तभी ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इसकी सूचना थाना सरायख्वाजा पर फोन के माध्यम से दिया और थाने से तत्काल पुलिस वरुण पाठक पुत्र जयप्रकाश पाठक के घर पहुंचकर चोरी का सामान को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को साथ में लेकर थाना पर चली गई। जहां पर पूछताछ पर युवक ने बताया कि मेरा नाम वरुण पाठक पुत्र जयप्रकाश पाठक उम्र 27 वर्ष ग्राम अतरौरा थाना सरायख्वाजा का निवासी हूं। वही कम्पोजिट विद्यालय के प्रा. अध्यापक रत्नाकर यादव ने बताया कि कम्पोजिट विद्यालय में अभी तक यह चौथी बार चोरी का मामला है। अबतक 4 बार इस विद्यालय पर चोरी हो चुका है। आज ग्रामीणों के माध्यम से चोर व चोरी का सामान को पकड़ लिया। सरायख्वाजा थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सामान को कब्जे में ले लिया गया है और उचित कार्यवाही करके अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# थाना जफराबाद पुलिस ने चार वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जफराबाद श्री राजाराम द्विवेदी मय हमराह के मु0अ0सं0 11/2023 धारा 147/148/302 भादवि के नामजद वांछित चार अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त विवरण– 1. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र पुत्र स्व0 नागेश्वर मिश्र निवासी मिसिरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 2.संदीप कुमार मिश्र पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा निवासी मिसिरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 3. विकास मिश्र पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मिश्र निवासी मिसिरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 4. सुबाष मिश्र पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मिश्र निवासी मिसिरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्तगणो का आपराधिक इतिहास– 1.



मु0अ0सं0–11/2023 धारा–147/148/302 भादवि थाना जफराबाद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–10/2023 धारा–354ए/436/323/504/506भादवि व 3(2)5ए SC/ST Act थाना जफराबाद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1.श्री राजाराम द्विवेदी, थानाध्यक्ष थाना जफराबाद जौनपुर। 2. उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय, थाना जफराबाद जौनपुर। 3.हे0का0 संजय यादव, हे0का0 कमलेश सैनी, हे0का0 विपुल कुमार राय, हे0का0 राजेश सिंह थाना जफराबाद जौनपुर।

# जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 04 वारंटी व 01 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 04 वारंटी व 01 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है– 1.थाना जफराबाद पुलिस द्वारा वारंटी गिरफ्तार अजीत पुत्र स्वर्गीय पारसनाथ निवासी किरतापुर थाना जफराबाद जौनपुर सम्बन्धित मुकदमा संख्या 1005 / 22 मंजू बनाम अजीत धारा 128 सीआरपीसी थाना सराय ख्वाजा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायलय भेजा गया व मु0अ0सं0–119/2022 धारा–363/366/376 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट के नामजद अभियुक्त तुषार उर्फ सुरेश कुमार पुत्र झूलन राम निवासी मैनूद्दीनपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। 2.थाना सुजानगंज पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–3914/10 धारा 332/504/506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त राजनरायण सिंह पुत्र अछैवर सिंह निवासी डालूपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को घर से व वारण्ट मु0सं0–5567/06 धारा–147/323/504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त राजपति दूबे पुत्र भुल्लन दूबे निवासी मटियाही थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करके माननीय न्यायालय भेजा गया। 3.थाना केराकत पुलिस टीम द्वारा मु0नं0 26378/21 मु0अ0स0 धारा 498ए,323, 504,506,495 भादवि ¾ डीपी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त दीपक गौड़ पुत्र गामा गौड़ निवासी उदयचन्दपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर को घर से गिरफ्तार कर चालान सम्बन्धित माननीय न्यायालय वाराणसी किया गया ।

# बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे डा.काशीनाथ उपाध्याय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के माता आनंदमयी नेत्र चिकित्सालय में शुक्रवार को डाक्टर काशीनाथ उपाध्याय की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर 48 गरीबों की आंखों का मुफ्त आपरेशन, दवा, चश्मा दिया गया। नेत्र सर्जन डाक्टर निशांत सिंह व डाक्टर कनध्किा दुबे ने 218 लोगों का नेत्र परीक्षण भी किया। चिकित्सक द्वय ने कहा कि डा.काशीनाथ उपाध्याय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वह आजीवन गरीब–गुरबों की सेवा के प्रति तत्पर रहे। पूर्व विधायक स्वर्गीय डा.रामकृष्ण उपाध्याय के पुत्र डा.काशी पेशे से चिकित्सक होने के साथ ही समाजसेवी व दयावान थे। यहीं कारण है कि आज भी समाज के लोग उन्हें याद किया करते हैं। भाई पूर्व जिला सूचना अधिकारी त्रिभुवन नाथ उपाध्याय व डाक्टर राकेश उपाध्याय ने कहा कि भैया ने हमेशा गरीबों, मजलूमों की हमेशा निःस्वार्थभाव से सेवा व आर्थिक मदद की। उनका स्नेह हमेशा उनके साथ रहा। आज लोग उनके किए गए अच्छे कार्यों की चर्चा करते रहते हैं। इस



मौके पर अभिराम दुबे, नेत्र सहायक डाक्टर अभय दुबे, कांग्रेस के जघ्लिा उपाध्यक्ष सुरेंद्र वीर बहादुर वघ्क्रिम सघ्ंिह, प्राथमिघ्कि शघ्क्षिक संघ जघ्लिा उपाध्यक्ष शघ्विेंद्र सघ्ंिह रानू, अजय सघ्ंिह, वघ्निय शुक्ला, मुकेश उपाध्याय, दंत चिकित्सक डाक्टर देवव्रत उपाध्याय आदि मौजूद रहे। आभार चिकित्सालय के निदेशक विकेश उपाध्याय व विवेक उपाध्याय ने व्यक्त किया।

# 24 जनवरी को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मटियारी केराकत जौनपुर में 268 जोड़ों का संपन्न होगा सामूहिक विवाह

जौनपुर सू.वि.: जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा अवगत कराया है कि वर्तमान में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमंद निराश्रित/निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु शादी अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से सामूहिक विवाह संपन्न कराकर, कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले लोगों को उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परंपरा/ रीति–रिवाज के अनुसार विवाह कराने की व्यवस्था करा कर समाज में सर्वधर्म समभाव एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराए जाने हेतु सभी वर्ग के पुत्रियों की शादी हेतु समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दिशा निर्देशों/नीति के अनुसार मा. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 2022–23 में संचालित किया जा रहा है। उक्त याजनान्तर्गत 24 जनवरी को 2023 को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मटियारी केराकत जौनपुर के प्रांगण में 268 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा जिस के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

# 18 से 22 जनवरी 2023 तक पांच दिवसीय श्रीराम कथा का किया गया आयोजन–अधीक्षक जिलाकारागार

जौनपुर सू.वि. : अधीक्षक जिलाकारागार ने अवगत कराया है कि जिला कारागार जौनपुर में सेवा भारती जौनपुर के सौजन्य से कथा व्यास मानस मर्मज्ञ परम पूज्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज द्वारा दिनांक 18 से 22 जनवरी 2023 तक पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। जिसके क्रम में 20 जनवरी 2023 को श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर (एमएलसी)विद्यासागर सोनकर, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, जेल अधीक्षक श्री कृष्ण पाण्डेय तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख जलालपुर संदीप सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया एवं श्री रामायण जी का पूजन किया गया। कथा व्यास श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी द्वारा बन्दियों को भगवान श्रीराम के बाल रूप की संगीतमय कथा तथा राम जानकी विवाह सुनायी गयी। बन्दियों द्वारा तन्मयता के साथ कथा का श्रवण किया गया। प्रभु महिमा को सुनकर बन्दी भाव विभोर होकर नाचने व झूमने लगे। कथा विराम के बाद आरती व पूजन के उपरान्त बन्दियों के मध्य प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया व अन्य उप जेलर द्वारा सेवा भारती के विभागाध्यक्ष डा० संजय पाण्डेय, महामंत्री रवि शंकर सिंह, उपाध्यक्ष श्री प्रदीप जायसवाल, संजीव गुप्ता, डा० अमरनाथ पाण्डेय, जिला टोली के जिलाध्यक्ष श्री गणेश जी साहू और नगर टोली के अध्यक्ष अनीस गुप्ता तथा कारागार कर्मचारियों के सहयोग से सम्पन्न की गयी।

# थाना सुजानगंज पुलिस द्वारा फरार चल रहे पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के



कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर मय हमराही कर्मचारीगण के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 345/2017 धारा 323/504/506/307 भादवि व मु0अ0सं0 854/2017 धारा 174 ए भादवि में फरार चल रहे पुरष्कार घोषित अभियुक्त विंध्यवासिनी गौतम पुत्र स्व0 काशीराम गौतम निवासी ग्राम खुज्जीडीह थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को ग्राम बारा थानाक्षेत्र सुजानगंज से गिरफ्तार किया गया । जिसको गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तः– 1.विंध्यवासिनी गौतम पुत्र स्व0 काशीराम गौतम निवासी ग्राम खुज्जीडीह थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहासः– 1.मु0अ0सं0 345/2017 धारा 323/504/506/307 भादवि थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 854/2017 धारा 174 ए भादवि थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः– 1.निरिक्षक घनश्याम शुक्ल थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2.का0 विसर्जन यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 3. का0 विनय कुमार थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 4.का0 धनन्जय यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

# उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लखनऊ द्वारा ऋण मेला का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड द्वारा ऋण मेले का आयोजन मा.काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया । मेले का उद्घाटन डायरेक्टर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड डॉ अंजना श्रीवास्तव ने किया। डायरेक्टर ने मेले में उपस्थित लोगों को सहकारी बैंक के योजनाओं को बताते हुए कहा कि सरकार के द्वारा किसानों और पिछड़ी और अनुसूचित जातियों के लिए कम से कम दर पर ऋण उपलब्ध



करवाने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे लोग विकसित एवं अच्छे रोजगार कर जीवन यापन कर सकें तथा सरकार का भी राजस्व बढ़ाएं । उन्हाने बैंक के सभी फील्ड ऑफिसर और मैनेजर को नई योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाने के निर्देश दिया ताकि सभी लोग सहकारी बैंक के माध्यम से सरकार की योजनाओं का अधिक लाभ उठाकर लाभान्वित हो सके। डायरेक्टर ने कहा कि सरकार किसानों को अधिक से अधिक ऋण सहकारी बैंक के माध्यम से उपलब्ध करा रही है । मेले में आए सभी आगंतुकों का आभार वरिष्ठ प्रबंधक कौशल कुमार जी ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान तहसीलदार, शाखा प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहें।

# स्कार्पियो की चपेट में आये दंपति : अस्पताल ले जाते समय मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थानांतर्गत रामनगर–भगासा मार्ग पर कटघर गांव में शनिवार सुबह 8 बजे सवारी बस का इंतजार कर रहे दंपति की स्कार्पियो की चपेट में आने से जहां अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई वहीं दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के सभी शिकार लोग सुल्तानपुर जिले के निवासी थे। दुर्घटना की सूचना पर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना क्षेत्र के कैलिपार गांव निवासी राम नयन गौतम 70 पत्नी अशरफी गौतम 65 संग शुक्रवार को सुइथाकलां गांव अपनी ससुराल में तिलक में शामिल होने आए थे। शनिवार सुबह दोनों लोग घर वापस जाने के लिए कटघर गांव में घमहकपुरा माइनर पर सवारी बस का इंतजार कर रहे थे। कथित तौर पर इसी बीच भगासा की तरफ से तेज गति में आ रही स्कार्पियो की चपेट में आने से पति–पत्नी व दो अन्य क्रमशः तारा 15 पुत्री राम सुरेमन तथा शकुंतला 35 पत्नी राम सुरेमन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार राम नयन व उनकी पत्नी अशरफी की शाहगंज अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे ही मौत हो गई। जब कि शकुंतला व तारा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# हर्षिता सिंह व निशा पटेल बनी समीक्षा अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज क्षेत्र के फरीदाबाद निवासी हर्षिता सिंह पुत्री अभय सिंह तथा गोहदा निवासी निशा पटेल पुत्री राम आसरे पटेल का चयन समीक्षा अधिकारी में हुआ है ।उनके इस चयन से क्षेत्र में खुशी व्याप्त है। हर्षिता हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई जौनपुर के हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल से करने के बाद प्रसाद इंस्टीट्यूट से बी फार्मा और पुणे से एम फार्मा किया ।उसके बाद तैयारी के लिए दिल्ली चली गई और तीसरे प्रयास में सफलता प्राप्त की। निशा ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई बरईपार के सिरसी स्थित राष्ट्रीय इंटर कालेज से की उसके बाद स्नातक की पढ़ाई अवध यूनिवर्सिटी से करने के बाद जौनपुर के डायट से बीटीसी की प्रशिक्षण पूरा किया ।और वर्तमान में वह सुजानगंज के नगौली के प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है ।उन्होंने कहा की लगातार पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है ।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता तथा गुरुजनों को दिया।

# नियमित दिनचर्या व पढ़ाई से तनावमुक्त हो सकते हैं छात्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी बोर्ड परीक्षा के तनाव के कारण बच्चों में भूलने, चिड़चिड़ापन, घबराहट जैसी समस्या आम है, ऐसे में बच्चों को नियमित दिनचर्या व नियमित पढ़ाई से इन समस्याओं से बच सकते हैं, जहांतक तनाव की बात है तो बच्चे अबतक जितना पढ़ पाए हैं, उसके बाद बिना तनाव मेहनत करके पढ़ेंगे तो और बेहतर परीक्षा दे पाएंगे, अगर तनाव में आ गए तो पहले का पढ़ा भी भूल सकते हैं इसलिए तनाव में न आते हुए बचे हुए सब्जेक्ट की नियमित तैयारी करें। बच्चे अक्सर न्यूमेरिकल (संख्यात्मक) सवालों से को छोड़ते हुए ज्यादा अंक मिलने वाले सवालों को तवज्जो देते हैं, ऐसे में न्यूमेरिकल छूट जाता है जिससे बच्चों के अंक कम आ सकते हैं, इसके लिए बच्चों को सबसे पहले न्यूमेरिकल सवालों का जवाब देने के बाद ही ज्यादा अंक के बड़े सवालों के जवाब को लिखना बेहतर तरीका हो सकता है। पब्लिक इंटर कॉलेज केराकत के भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) के प्रवक्ता देवेंद्र कुमार सागर ने कहा कि सबसे पहले बच्चों को न्यूमेरिकल सवालों के जवाब लिखने चाहिए बड़े सवालों का जवाब बाद में लिखना चाहिए इससे ज्यादा नम्बर मिलने की उम्मीद रहती है, और न्यूमेरिकल में राइटिंग नम्बर भी नही कटने की पूरी सम्भावना रहती है, वही बड़े सवालों के जवाब में समय ज्यादा चला जाता है व राइटिंग में भी नम्बर कटता है, व कहा कि बच्चों को एक दो नम्बर के सवालो को उतना ही तवज्जो देनी चाहिए जितना ज्यादा नम्बर के सवालों को तवज्जो देते हैं। अध्यापकों को बच्चों को परीक्षा से पहले महत्वपूर्ण सवालो का नोट्स तैयार करवाना चाहिए, बच्चों को याद करने का सबसे सही तरीका है याद करने के दौरान उसे लिखने से अच्छे से याद हो जाएगा, और जो महत्वपूर्ण या परीक्षा में आने लायक सवाल लगें उसका एक अलग से नोट्स तैयार करे इससे कम समय में परीक्षा से एक दो दिन पहले उसको पढ़ लेंगे तो बहुत अच्छा होगा, और जो महत्वपूर्ण फार्मूला है बच्चे उसे जरूर याद करले, और बच्चों को रोज हर सब्जेक्ट के लिए एक या दो घण्टे जो पढ़ सकता है उसका समय निर्धारण करते हुए नियमित रुप से सब्जेक्ट को जरूर पढना चाहिए, अगर बच्चा एक या दो दिन के अंतर के बाद कोई सब्जेक्ट पड़ता है तो उसका मन पढ़ने में नही लग पाता, परीक्षा से पहले हर सब्जेक्ट के पिछले साल का पेपर देख लेना चाहिए इससे उसको ये पता चल जाएगा कि किस तरह के सवाल आ सकते हैं। जनता महाविद्यालय के प्राचार्य व मनोवैज्ञानिक के प्रवक्ता डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी का कहना है कि बच्चों को परीक्षा का चिंतन व पढ़ाई करनी चाहिए चिंता न करें इससे पढ़ाई नही हो पाती है, और अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें उनको दबाव न दे कि आपको इतने नम्बर या प्रतिशत लाना ही होगा नहितो बच्चों को तनाव होना आम बात है, और बच्चों को पढ़ाई की एक दिनचर्या तय कर लेनी चाहिए उनको कब किस सब्जेक्ट को कितना समय पढ़ना है इसे तय कर लेना अति आवश्यक होता है, तनाव में वही बच्चे आएंगे जो अपनी दिनचर्या तय किये बिना पढ़ाई करते हैं, और कहा कि जो बच्चे पूरे साल नही पढे है अगर वो परीक्षा के समय पूरा दबाव झेलकर पढ़ने का प्रयास करेंगे तो तनाव आना स्वभाविक है इसके लिए बच्चों नियमित रूप से पढ़ाई करना आवश्यक है, जिन बच्चों को एक डर और फोबिया बैठ गया है परीक्षा का उन्हें थोड़ा योग व प्रणायाम का सहारा लेना चाहिए इससे तनाव में कमी होगी व दिमाग सन्तुलित रहेगा, व बताया कि बच्चों को परीक्षा के समय अभिभावक ध्यान दे कि बच्चा तनाव में न होने पाए नहितो कभी कभी बच्चों को जिस सवाल का जवाब आता है तनाव के कारण परीक्षा कक्ष में वो भूल जाता है इसलिए अभिभावकों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है, अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजकर अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण न समझे स्कूल से आने के बाद या परीक्षा के समय प्रेरित करे दबाव न दे।

# भ्रष्टाचार रोकने हेतु प्रभावी कदम है सूचना का अधिकार – पीके तिवारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नागरिकों को सशक्त बनाने और सरकार के कार्य में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को सूचना का अधिकार दिया गया है। भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना और वास्तविक अर्थों में हमारे लोकतंत्र को लोगों के लिए सशक्त बनाना इसका उद्देश्य है। उक्त बातें राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी ने अपने पैतृक गांव शाहपुर में नागरिकों को सूचना अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए शनिवार को कहा भ्रष्टाचार रोकने के लिए सूचना का अधिकार एक प्रभावी कदम है। इस अधिकार द्वारा भारत के सभी नागरिकों को सरकारी सेवाओं, अभिलेखों तथा पत्रों में दर्ज सूचना को देखने और उसे प्राप्त करने का अधिकार प्रदान दिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने इसे मूल अधिकार के समान का अधिकार माना है। उन्होंने कहा लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। कहीं भी उन्हें खामियां दिखाई पड़े उससे संबंधित सूचना संबंधित विभाग ले सकते हैं। इस दौरान शिवाकांत तिवारी, रामचंद्र तिवारी, दीनानाथ तिवारी, सत्येंद्र कुमार, केशव प्रसाद यादव, सुरेंद्र यादव, रमेश चंद यादव, राजेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने हेतु आप लोग दे अपना शत प्रतिशत योगदान –अन्नपूर्णा देवी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लोक सभा प्रवास योजना अंतर्गत लोकसभा प्रवास योजना की बैठक भाजपा जिला कार्यालय सीहीपुर में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी वृजेन्द्र राय उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ की गई। लोकसभा प्रवास योजना की बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 2024 लोक सभा चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी की देश और प्रदेश की जनता के लिए जनहित में किए गए कार्यों के कारण लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिये आप लोग अपना शत प्रतिशत योगदान दे। जनता भाजपा सरकारों की कार्यों से संतुष्ट है आप लोग उनके बीच मे जाकर सरकार द्वारा किये गये कार्यो को बताये और लोकसभा स्तर पर संगठन द्वारा निर्देशित कार्यों को पूरी ऊर्जा और लगन से भाजपा कार्यकर्ता करे और उन्होंने सभी सरकारी योजनाओं के संयोजक और प्रमुखों को दिए गए कार्यों को पूरा करने का आवाहन किया। उन्होंने आगे कहा कि आप लोग लोकसभा क्षेत्र में लगातार प्रवास करिये क्योकि जब आप प्रवास करेगे तो जनता आप से जुड़ेगी। उन्होंने बिशेष तौर पर मोर्चा के पदाधिकारियों को आह्वान किया कि अब आप लोग लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाये और तमाम सामाजिक संगठनों और एनजीओ के कार्यकर्ताओं से लगातार निकटता बढ़ाये इससे हम लोगो को चुनाव जीतने में आसानी होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जो नए वोटर बने है उनके साथ लगातार सम्पर्क बनाये रखे क्योकि युवा जिस पार्टी के साथ जुड़ती है लगभग जीत उसी की सुनिश्चित होती है। उन्होंने आगे सोशल मीडिया के पदाधिकारियों से कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का युग है आप लोग लगातार जो कार्यक्रम हो रहे है उसको आप लोग सोशल मीडिया में डालते रहे और अच्छी सी अच्छी कंटेन्ट डालिये ताकि जौनपुर की जनता भाजपा के साथ जुड़े। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये हुये कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुये कहा कि आप लोग अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाये और मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि अपने अपने समाज में मिल बैठक अपने पार्टी की रीति और नीति से अवगत कराएं और अपने पार्टी से जोड़ने




का प्रयास करे ताकि आने वाले चुनाव में जौनपुर लोकसभा में पार्टी की जबरदस्त जीत हो। कार्यक्रम को जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी और लोकसभा प्रभारी वृजेन्द्र राय ने भी सम्बोधित किया। उसके उपरान्त विधानसभा बदलापुर, खुटहन और शाहगंज के कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ई अमित श्रीवास्तव ने की। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, संतोष सिंह, सुरेन्द्र सिंघानिया, राकेश वर्मा, संदीप सरोज, ओमप्रकाश निषाद, अभय राय, उमाशंकर सिंह, राज पटेल, विजय लक्ष्मी साहू, प्रमोद यादव, अवधेश यादव, प्रबुद्ध दुबे, धीरू सिंह, सतेन्द्र सिंह फंटू, आमोद सिंह, रोहन सिंह सिद्दार्थ राय, अनिल गुप्ता, रागिनी सिंह ,नरेन्द्र उपाध्याय, दिव्यांशु सिंह, अजय सरोज, मेराज हैदर, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, संजीव गुप्ता ,ऋषिकेश श्रीवास्तव, निखिल सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# बारिश का नही दिखा असर क्रय केंद्र पर धान तौल करा रहे किसान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र के मियांचक बाजार स्थित खाद्य विभाग की विपणन शाखा में गुरुवार की हुई रात में बरसात का कोई असर नही पड़ा सुबह जैसे ही धूप खुली की किसान अपने धान को क्रय केंद्र पर लेकर पहुँच गये केंद्र पर पहुँचे किसान कान्हपुर गांव निवासी मनोज कुमार ने कहा की हमने 150 कुंतल का रजिस्ट्रेशन कराया हैं और आज लगभग 120 कुन्तल तक तौल हो चुकी हैं और भी धान घर से आ रहा हैं मौके पर मौजूद केंद्र विपणन अधिकारी बबिता सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे यहाँ अबतक 16259 कुन्तल तक खरीददारी 290 किसानों से की जा चुकी हैं ,और 255 किसानों के खाते में पैसा भी भेजा जा चुका हैं ।इस केंद्र के गोदाम की क्षमता लगभग 12हजार कुन्तल की हैं जिससे बरसात होने से यहाँ पर कोई असर नही पहुँचा हमारे यहां जैसे जैसे किसान आते गये हमने किसानों का तौल करवा कर गोदाम के अंदर तौल किये गये धान को सुरक्षित रखवा दिया था,जिसके कारण हमारे सभी धान सुरक्षित हैं।

## मां–बाप को बड़ी राहतः पुत्र के मरने के 8 साल बाद मिलेगा बीमा पालिसी का 14.50 लाख –राज्य उपभोक्ता आयोग

लखनऊ ब्यूरो : पुत्र की मृत्यु के आठ साल बाद भी पालिसी का पैसा न मिल पाने से परेशान आगरा निवासी माता–पिता को राज्य उपभोक्ता आयोग ने बड़ी राहत दी है। आयोग के फैसले से परेशान मां–बाप को अब मृतक पुत्र की बीमा पालिसी का 14.50 लाख रुपया मिल सकेगा। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने चार साल से लंबित विवाद का निपटारा करते हुए आदेश दिया कि बीमा कंपनी पालिसी की पूरी देयता राशि 14.50 लाख रुपया चुकाए। साथ ही बीमित की मृत्यु की तिथि से भुगतान की तिथि तक 8 फीसदी ब्याज, वाद खर्च व मानसिक प्रताड़ना के हर्जाना के 30 हजार रुपया भी याची को चुकाएगी। आगरा के लोहामंडी निवासी मूलचंद यादव ने वर्ष 2011 में अपने पुत्र सनी यादव के नाम पर एलआईसी से 7.50 लाख व 7 लाख रुपये की दो पालिसी ली थी। इसमें पहली पालिसी में नामिनी के बतौर पिता मूलचंद व दूसरी पालिसी में मां शशी यादव को नामिनी बनाया गया था। इन दोनों ही पालिसी के लिए बीमित की तरफ से तीन साल में बीमा कंपनी को बतौर पालिसी किश्त 68,208 रुपया भी चुकाया गया। वर्ष 2014 में 20 वर्ष की आयु में सनी की मृत्यु हो गई। इसके बाद चार साल तक मृतक के माता–पिता पुत्र की पालिसी का पैसा पाने के लिए एलआईसी के आगरा स्थित 265 सिटी ब्रांच आफिस के चक्कर काटते रहे। कंपनी ने बीमा करते समय दस्तावेजों में तो मूलचंद यादव व शशी यादव को बीमित का पिता व माता दर्शाया




लेकिन पालिसी बांड जारी करते समय बीमित के उत्तराधिकारी (नामिनी) में माता पिता के नाम का उल्लेख नहीं किया। अब बीमा कंपनी इसी आधार पर मां–बाप को नामिनी न मानते हुए बीमित की पालिसी के भुगतान से बच रही थी। परेशान हो कर पीड़ित मूलचंद ने राज्य उपभोक्ता आयोग में पालिसी का भुगतान दिलाने की गुहार लगाई। बीमा कंपनी ने खेला बीमारी का भी दांव आयोग की सुनवाई में बीमा कंपनी की तरफ से बताया गया कि बीमित मृतक बीमा कराते समय ब्लड कैसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बीमा कराते समय इस बीमारी की जानकारी को जानबूझ कर छिपाया गया। दूसरी तरफ वादी पक्ष का कहना था कि अगर ऐसा था तो बीमित की मृत्यु के तीन साल बाद बीमा कंपनी ने पत्र भेजकर बीमारी का मसला क्यो उठाया। इससे पूर्व बीमा कंपनी उक्त दोनों बीमा दावे कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में स्वीकृत किए जाने की बात कहते हुए सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र की मांग कर चुकी थी।

## सॉल्वर गैंग प्रकरण : दिव्यांग को सिपाही बनाने की हुई थी डील : दौड़ के लिए एक दूसरे छात्र को किया था तैयार

लखनऊ ब्यूरो : कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की जीडी कांस्टेबल की परीक्षा को लेकर एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गिरोह ने एक दिव्यांग को सिपाही बनाने का ठेका लिया था। उसकी जगह पर सॉल्वर परीक्षा भी दे चुका था जबकि दौड़ के लिए गिरोह ने एक अन्य छात्र को तैयार कर लिया था। जिसको दौड़ के बाद बीस हजार रुपये मिलने थे। इसलिए इस दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र में उसके साथ सॉल्वर व दौड़ लगाने वाले शख्स की फोटो में तीन फोटो मिक्स की गई थीं। प्रवेश पत्र समेत अन्य सभी दस्तावेज फोरेंसिंक जांच के लिए भेजे गए हैं। एसटीएफ ने मंगलवार को सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ किया था। गिरोह के सरगना सिपाही अच्युतानंद यादव के अलावा तीन सॉल्वर राकेश यादव, विवेक सिंह, मनोज झा व तीन अभ्यर्थी केशवानंद, गुड्डू यादव व मनोज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक गोरखपुर निवासी गुड्डू यादव एक पैर से मामूली रूप से दिव्यांग है। इसके बावजूद उसने कांस्टेबल भर्ती के लिए फार्म भरा था। सॉल्वर गिरोह ने उसे सिपाही बनाने के लिए पांच लाख रुपये में डील की थी। 22 अगस्त 2022 को उसकी जगह पर सॉल्वर राकेश यादव ऑनलाइन परीक्षा दे चुका था। अब फिजिकल के लिए उसकी जगह एक अन्य को दौड़ाने की तैयारी थी। इस बीच एसटीएफ ने गिरोह का भंडाफोड़ कर सभी को धर लिया। सिपाही निलंबित, सलमान की तलाश तेज आरोपी सिपाही अच्युतानंद यादव की वर्तमान तैनाती अयोध्या में है। एसटीएफ ने उसकी गिरफ्तारी के बाद अयोध्या पुलिस को रिपोर्ट भेज दी




थी। जानकारी के मुताबिक सिपाही पर विभागीय कार्रवाई करते हुए उसको निलंबित कर दिया गया था। प्रारंभिक जांच भी शुरू हुई है। उधर प्रयागराज निवासी सीआरपीएफ सिपाही सलमान की तलाश एसटीएफ ने तेज कर दी है। वह भी गिरोह का हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक सीआरपीएफ को इस संबंध में एसटीएफ ने जानकारी दी है। उसकी तलाश मं दबिश जारी है। सीटेट पेपर लीक मामला : कोचिंग संचालक के मोबाइल से खुलेंगे राज एसटीएफ ने बीते मंगलवार को सीटेट परीक्षा पेपर लीक के मामले में इंदिरानगर निवासी कोचिंग संचालक अमित सिंह को गिरफ्तार कर जेल भजा था। उसके मोबाइल से प्रश्न पत्र, प्रवेश पत्र समेत कई अहम दस्तावेज बरामद हुए थे। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि अमित ने अपने एक मोबाइल का पूरा डाटा डिलीट कर दिया था। एसटीएफ अब उसके मोबाइल का डाटा रिकवर कराने के प्रयास में है। जिससे कई बड़े राज खुल सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक जिसको उसने पेपर व्हाट्सएप पर भेजा था, पुलिस ने उनमें से कुछ से पूछताछ की है। एसटीएफ इनको आरोपी या गवाह बना सकती है।

## भगोड़े जाकिर नाइक की किताबें भी बांटता था धर्मांतरण रैकेट : जांच दौरान खुलासा

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेले में धर्मांतरण कराने वाला रैकेट भगोड़े इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की किताबें भी बांटता था। पुलिस की जांच में तो यह बात सामने आई है। रैकेट के गिरफ्तार सरगना व दो सदस्यों के कब्जे से बरामद साहित्य में भी जाकिर की एक किताब शामिल है। इस जानकारी को पुलिस ने इंटेलिजेंस समेत अन्य जांच एजेंसियों से भी साझा किया है। खुलासे के दौरान पुलिस अफसरों ने बताया था कि आरोपियों के कब्जे से 204 किताबें बरामद हुई थीं। सूत्रों का कहना है कि जांच पड़ताल में एक बेहद अहम जानकारी सामने आई। पता चला कि बरामद किताबों में से एक किताब भगोड़े जाकिर नाइक की भी है। इस किताब पर 2013 अंकित है।फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि इसका शीर्षक क्या था। हालांकि यह जानकारी मिलने के बाद पुलिस के कान खड़े हो गए हैं। मामले की विवेचना में जुटी दारागंज पुलिस की ओर से इसकी सूचना आईबी समेत अन्य जांच एजेंसियों को दी गई है। कई साल से देश से बाहरगौरतलब है कि जाकिर नाइक कई साल से देश से बाहर है। उसे भड़काऊ भाषण देने के चलते भारत में प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही उसके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट भी जारी है। 2016 में नाइक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर विभिन्न धार्मिक समुदायों और समूहों के बीच दुश्मनी, घृणा व अन्य नकारात्मक भावनाओं को फैलाने और समूह के सदस्यों को प्रोत्साहित और सहायता करने के आरोप लगे थे। इसके बाद भारत में इस संगठन को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। नाइक फिलहाल मलेशिया में रहता है। क्या खुद भी लिखता था किताबें?धर्मांतरण रैकेट से बरामद साहित्यों की जांच के बाद एक सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सरगना महमूद हसन गाजी खुद भी किताबें लिखता था।



दरअसल उनके कब्जे से बरामद 204 किताबों में से एक में लेखक के तौर पर महमूद हसन गाजी लिखा हुआ है। यह किताब 2004 में लिखी गई। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है कि यह वह ही है या किसी अन्य व्यक्ति ने इस किताब को लिखा। एटीएस, एसटीएफ भी पड़ताल में जुटीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड और स्पेशल टास्क फोर्स भी इस मामले की पड़ताल में जुट गई हैं। सूत्रों का कहना है कि आरोपियों की कॉल डिटेल रिपोर्ट के अलावा बैंक खातों में विदेश से हुई फंडिंग का ब्यौरा भी दोनों जांच एजेंसियां जुटाने में लगी हुई हैं। इससे पहले गिरफ्तारी के बाद दोनों एजेंसियों के अफसरों ने भी आरोपियों से गहनता से पूछताछ की थी। मामले से जुड़े हर पहलू की बेहद गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी तथ्य या साक्ष्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एटीएम मशीन का लाक खोलकर पैसा निकाल लेने वाला शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार । अयोध्या शहर में एटीएम खोलकर रुपए निकालने वाला आरोपी रोहित मौर्या को गिरफ्तार किया गया जो अयोध्या थाना कैंट गोदावरी मऊ यदुवंश पुर का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर गुलाबबाड़ी मैदान के पास से अभियुक्त रोहित मौर्या को पुलिस गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई । जिसकी निशांदेही पर नरेन्द्र देव रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित झाड़ी मे छिपाकर रखा हुआ कुल 14 लाख 20 हजार रुपए व एटीएम मशीन का लाक खोलने की चाभी, ब्लैंक एटीएम कार्ड, व एटीएम खोलने हेतु पासवर्ड जेनेरेट करने वाला मोबाइल फोन बरामद किया गया है। अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि वह पूर्व में सीएमएस कम्पनी जो कि एटीएम मशीन मे



कैस लोडिंग का कार्य करती है, उसमे कर्मचारी था तथा उसे एटीएम मशीन के खोलने के तरीके की अच्छी जानकारी थी। इसी का फायदा उठाकर वह फैजाबाद शहर के विभिन्न एटीएम का लाक खोलकर पैसा निकालता था जो उसके कब्जे से बरामद किया गया है।

## आठ हजार औद्योगिक इकाइयां दो लाख लोगों को देंगी रोजगार : तय की गई 1100 एकड़ जमीन

लखनऊ ब्यूरो : इन्वेस्टर्स समिट के दौरान लखनऊ में निवेश करने वाले उद्यमियों के लिए एलडीए व जिला प्रशासन ने तीन नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए 1100 एकड़ जमीन चिह्नित की है। अनुमान है कि इन पर आठ हजार छोटी–बड़ी औद्योगिक इकाइयां लगेंगी। इससे करीब दो लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय सचिव अवधेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि नए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 200, 400 एवं 500 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। प्रशासन ने अभी चिह्नित जमीन के बारे में एसोसिएशन से जानकारी साझा नहीं की है। हालांकि, उम्मीद है कि ये औद्योगिक क्षेत्र मोहनलालगंज, आगरा एक्सप्रेस–वे एवं आउटर रिंग रोड (निकट सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र) के पास विकसित किए जाएंगे। अग्रवाल ने यह भी बताया कि प्रशासन औद्योगिक क्षेत्रों के लिए चिह्नित जमीन की घोषणा अभी नहीं करेगा, क्योंकि ऐसा होते ही किसान जमीन की कीमत बढ़ा देंगे। 1500 से 10 हजार वर्गफीट में लग सकती हैं इकाइयां उद्यमियों ने बताया कि इकाइयां लगाने के लिए 1500 से 10 हजार वर्गफीट तक जमीन की जरूरत पड़ती है। छोटी इकाई 1500 और बड़ी इकाई 5000 से 10,000 वर्गफीट जमीन पर आसानी से स्थापित हो जाती है। छोटी इकाई वाले परिसर को बहुमंजिला बनाकर उद्योग को बढ़ा लेते हैं। एक एकड़ में 43,560 वर्गफीट जमीन होती है। ऐसे में उद्यमियों का अनुमान है कि 1100 एकड़ जमीन में 8000 से अधिक छोटी–बड़ी उत्पादन इकाइयां स्थापित हो जाएंगी। खुद खरीदनी होगी जमीन, सुविधाएं देगी सरकार अवधेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रशासनिक अफसरों से कई चरणों में हुई बातचीत में यह भी पता चला कि उद्यमियों को निर्धारित क्षेत्र में खुद ही जमीन खरीदनी पड़ेगी। उद्योग लगाने की सभी सुविधाएं सरकार मुहैया कराएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन किसान से जमीन का अधिग्रहण करके उसे विकसित कर उद्यमियों को बेचेगा। ऐसे में उन्हें अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। दलित किसान की जमीन के लिए स्पेशल अनुमति उद्योग के लिए जो जमीन चिह्नित की गई है, उसके बीच में यदि किसी दलित किसान की जमीन आएगी तो जिला प्रशासन उसे भी खरीदने के लिए स्पेशल अनुमति देगा। वहीं, ग्राम समाज की जमीन के एवज में संबंधित को दूसरी जगह जमीन मुहैया कराई जाएगी। सरकार नए औद्योगिक क्षेत्रों को 132 केवी ट्रांसमिशन एवं 33 केवी उपकेंद्र से बिजली पहुंचाएगी। साथ ही सड़कों, सीवर का निर्माण कराया जाएगा। हालांकि, कनेक्शन लेने के दौरान 33केवी एवं 11 केवी लाइन का निर्माण उद्यमी को अपने खर्च पर कराना होगा। एक इकाई से 25 कामगारों की चलेगी रोजी–रोटी प्रॉविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लखनऊ इकाई के अध्यक्ष दिनेश गोस्वामी ने बताया कि एक नई औद्योगिक इकाई के स्थापित होने से औसतन 25 कामगारों को रोजी मिलेगी। यूं तो छोटी इकाई में 10 और बड़ी में 75 कामगारों को रोजगार मिलता है, लेकिन नए क्षेत्रों में अधिकतर मध्यम श्रेणी की ही इकाइयां स्थापित होंगी। उधर, आईआईए के राष्ट्रीय सचिव सूर्य प्रकाश हवेलिया ने कहा कि दूसरे राज्यों के मुकाबले यूपी में बिजली काफी महंगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि औद्योगिक बिजली को सस्ता करें। यूपी में औद्योगिक बिजली औसतन 9.50 रुपये प्रति यूनिट है। छत्तीसगढ़ में यह 7.50 रुपये प्रति यूनिट है। उद्यमियों को जमीन मुहैया कराना पहला लक्ष्य एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी बताते हैं कि इन्वेस्टर्स समिट के दौरान लखनऊ में निवेश करने वाले उद्यमियों को औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए जमीन मुहैया कराना पहला लक्ष्य है। इसमें जिला प्रशासन का सहयोग लिया जा रहा है। इसके लिए तीन क्षेत्रों में जमीन चिह्नित की गई है।

## सीएम नीतीश के इशारे पर शिक्षामंत्री ने किया राम चरित मानस का अपमान –अश्विनी चौबे

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेला में सनातन महाकुंभ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बिहार के सीएम पर साधा निशाना प्रयागराज। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने शुक्रवार को रामचरित मानस पर बिहार की गरिमा के विपरीत टिप्पणी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शिक्षामंत्री चंद्रशेखर ने राम चरित मानस का अपमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ही इशारे पर किया है। उन्होंने संगम की रेती से बिहार में नीतीश के भ्रष्ट शासन से जनता को मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया। सेक्टर तीन स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ के शिविर में आयोजित सनातन महाकुंभ में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सामाजिक न्याय के योद्धा प्रभु राम को नकारने वालों को देश की जनता ने नकार दिया है। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने देश के माहौल को बिगाड़ने के लिए नीतीश के इशारे पर रामचरित मानस पर गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की प्रतिष्ठा लगातार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गिरा रहे हैं। वह समाधान यात्रा पर नहीं, बल्कि पिकनिक यात्रा पर निकले हैं। बिहार में जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा नीतीश और उनकी यात्रा के सौंदर्यीकरण पर खर्च हो रहा है। इस भ्रष्ट शासन से हम मुक्ति दिलाकर दम लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। अध्यक्षता कर रहे युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा कि समाजवाद के नाम पर कुछ लोगों ने अपने परिवार का पोषण किया है, लेकिन अब देश की जनता सब समझ गई है।रामचरित मानस हमारा पूज्य ग्रंथ है और उस पर हमले का खामियाजा नीतीश सरकार को भुगतना होगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. आरएन त्रिपाठी ने कहा कि सनातन धर्म सबका मूल है। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को शाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संदीप ब्रह्मचारी आपा,मुकेश पांडेय,सत्यम अवस्थी,दीपक पांडेय,आदित्य चौबे,सुभाष यादव,रामाशंकर मिश्रा उपस्थित रहे।

## मौनी अमावस्या 2023 : लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई पुण्य की डुबकी : हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेले के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर शनिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाई। देर रात से ही श्रद्धालुओं का रेला संगम तट पर उमड़ पड़ा। पौ फटते ही डुबकी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाने के बाद विधि विधान से मां गंगा का पूजन अर्चन कर दीपदान किया। कंपकंपाती ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का आस्था भारी दिखी। लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखा। घाटों के अलावा पूरे माघ मेला में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। पैदल के अलावा घुड़सवार पुलिस के जवान निगरानी कर रहे हैं। पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा जल पुलिस के जवानों की तैनी की गई। संगमजाने के सभी रास्ते पैक रहे। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से की पुष्पवर्षा की गई। सीएम योगी ने ट्वीट कर दी बधाई। सर्वार्थ सिद्धि योग में लगेगी मौनी अमावस्या पर मौन डुबकी मौनी अमावस्या पर शनिवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में संगम पर मौन डुबकी लगेगी। इस बार शनि अमावस्या होने की वजह से इस स्नान पर्व पर डुबकी विशेष फलदायी होगी। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक मौनी अमावस्या शनिवार की सुबह 6:16 बजे से रविवार की रात 2:22 बजे तक रहेगी। इस बीच सर्वार्थ सिद्धि योग लग रहा है। ऐसे में पुण्य की डुबकी से मनसा , वाचा, कर्मणा तीनों तरह के पापों के शमन के योग हैं। ज्योतिषाचार्य पं. ब्रजेंद्र मिश्र के मुताबिक सुबह 8:33 से 9:52 बजे के बीच स्नान–दान का सबसे उत्तम मुहूर्त है। सर्वार्थ सिद्धि योग में लगेगी मौनी अमावस्या पर मौन डुबकी मौनी अमावस्या पर शनिवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में संगम पर मौन डुबकी लगेगी। इस बार शनि अमावस्या होने की वजह से इस स्नान पर्व पर डुबकी विशेष फलदायी होगी। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक मौनी अमावस्या शनिवार की सुबह 6:16 बजे से रविवार की रात 2:22 बजे तक रहेगी। इस बीच सर्वार्थ सिद्धि योग लग रहा है। ऐसे में पुण्य की डुबकी से मनसा , वाचा, कर्मणा तीनों तरह के पापों के शमन के योग हैं। ज्योतिषाचार्य पं. ब्रजेंद्र मिश्र के मुताबिक सुबह 8:33 से 9:52 बजे के बीच स्नान–दान का सबसे उत्तम मुहूर्त है।

## महिला कांस्टेबल नीलू शर्मा ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर बढ़ाया अयोध्या एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का मान

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या पुलिस की महिला कांस्टेबल नीलू शर्मा ने टॉप गन शूटिंग एकेडमी हरियाणा में आयोजित 14, 15 जनवरी को ऑल इंडिया ओपन शूंटिंग प्रतियोगिता में



इंडिविजुअल में गोल्ड मेडल एवं स्टेट से टीम में सिल्वर मेडल प्राप्त कर अयोध्या पुलिस एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया है, इस टीम का प्रतिनिधि कर रहे शूटिंग कोच सनी वर्मा ने बताया की नीलू शर्मा ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर अयोध्या पुलिस को मेडल दिलाया इस सफलता से खुश होकर एसएसपी/डीआईजी मुनिराज जी एवं एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर जी ने अपने हाथों से नीलू शर्मा को मेडल पहनाया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## खाकी वर्दी की खामोशी से हो सकता है बड़ा हादसा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक तरफ मुंगराबादशाहपुर के चौराहे पर शनिवार को जाम में फंसे लोग पुलिस प्रशासन को कोसते नजर आए तो वहीं पर जान जोखिम में डालकर स्नार्थी गंगा स्नान के लिए ट्रैक्टर टॉली से यात्रा करते हुए दिखाई पड़े। जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद भी ट्रैक्टर टॉली और डंपर में यात्रा न करने के लिए जागरूकता अभियान में मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा ढ़िलाई बरती जा रही है।ट्रैक्टर टॉली के दुर्घनाग्रस्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर टॉली से यात्रा न करने की जनमानस से अपील करते हुए अधिकारियों को इस दिशा में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। मगर यहां पर अभियान कागजों में चल रहा है।जिससे लोग बेधड़क ट्रैक्टर टॉली से यात्रा कर रहे है।ट्रैक्टर टॉली से लोग खुद को खतरा में डाल रहे है।पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।लोगों को बैठाकर ट्रैक्टर टॉली थाने से गुजर जा रही है।फिर भी पहरे पर तैनात पुलिस बेखबर है। दूसरी तरफ थाने के अगल बगल पुलिस के संरक्षण में टेम्पो अड्डा का संचालन हो रहा हैद्यजिससे जाम लग जाता है।लोग जाम में घण्टों फंस कर हलाकान होते रहते है।इसके निजात में प्रशासन कोई उपाय नहीं कर पा रही है।

## जीपीएस ट्रेकिंग से पकड़ी बिहार से चोरी हुई स्कार्पियो

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय क्षेत्र के लखमापुर गांव में शनिवार को सुबह खेतासराय पुलिस की मदद से जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए मिली लोकेशन के आधार पर बिहार से चोरी की गई स्कार्पियो पकड़ ली गई। वाहन चोरी के आरोपी वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंचे पीछा कर रहे स्कार्पियो मालिक स्कार्पियो को लेकर वापस चले गए। जानकारी के अनुसार बिहार के कैमूर जिले से बीआर 24 पी 2516 नंबर की एक सफेद स्कार्पियो चोरी हो गई थी। चोरी होने की जानकारी होने पर स्कार्पियो मालिक ने स्कार्पियो में लगे जीपीएस के जरिए ट्रेकिंग करते पीछा कर लिया। चोरों ने स्कार्पियो को आजमगढ़ जिले के मार्टीनगंज से गुरैनी रोड पर मोड़ लिया। जीपीएस ट्रेकिंग के जरिए स्कार्पियो के नजदीक तक पहुंच चुके थे। चोरों को पीछा होने का आभास होने पर उसने स्कार्पियो को बरंगी मोड़ से जैगहां की तरफ मोड़ लिया। इस दौरान स्कार्पियो मालिक खेतासराय पुलिस से संपर्क करते रहे। खेतासराय पुलिस को जानकारी हुई तो थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घेराबंदी किए। खुद को पुलिस से बचने के लिए वाहन चोर लखमापुर गांव के पास स्कार्पियो खड़ी कर भाग लिए। कैमूर से पीछा कर रहे स्कार्पियो मालिक भी दूसरे वाहन से मौके पर पहुंचे थे । थानाध्यक्ष यजुर्वेद कुमार सिंह के अनुसार स्कार्पियो मालिक ने कोई तहरीर नहीं दी है। स्कार्पियो मिल जाने पर वह स्कार्पियो लेकर चले गए हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।